अपनों से मदद

प्रवासियों ने दिया जीवनदान

कोरोना मरीजों के लिए पहुंचाई ऑक्सीजन

कोविड के संकटकाल में प्रवासी राजस्थानियों को माटी से जोड़ने में राजस्थान फाउण्डेशन ने सफलता हासिल की। राजस्थानी प्रवासी अपनी मातृभूमि के प्रति सच्ची निष्ठा और सेवा भाव से कठिन समय में अपने प्रदेशवासियों की मदद करने में लगे हुए हैं। प्रवासियों ने नकद और चिकित्सकीय उपकरणों सहित फाउण्डेशन को लगभग 32 करोड़ रुपए का सहयोग दिया। लिक्विड ऑक्सीजन, ऑक्सीजन कॉन्सट्रेटर्स एवं मेडिकल सामग्री पहुंचाकर मदद की।

1377 सहित अनेक मेडिकल उपकरण | **2** ऑक्सीजन टैंकर्स | **12500** क्यूबिक मीटर्स लिक्विड ऑक्सीजन | **10** ऑक्सीजन प्लांट

6000 सिंगल यूज वेंटीलेटर | **3000** मॉनीटर्स | **8** इमरजेंसी लंग्स वेंटिलेटर

दुबई, अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, इजिप्ट, यूगांडा, ऑस्ट्रेलिया व पूरे विश्व के कोने-कोने में बसे राजस्थानी प्रवासी और अनेक संगठन बड़ी संख्या में अपने प्रदेश के साथ खड़े नजर आए हैं, यह हम प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात है। प्रदेश में 29 जिलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक 1377 ऑक्सीजन कॉन्सट्रेटर सहित अनेक मेडिकल उपकरण पहुंचाए गए। दुबई के प्रवासी राजस्थानी दिनेश कोठारी द्वारा 2 ऑक्सीजन टैंकर्स (लगभग 12,500 क्यूबिक मीटर्स लिक्विड ऑक्सीजन) पहुंचाई गई। साथ ही विभिन्न जिलों में लगभग 10 ऑक्सीजन प्लांट लगाने के लिए भी प्रवासियों ने कमिटमेंट किया है। इसके अलावा 6000 सिंगल यूज वेंटीलेटर, 3000 मॉनीटर्स, 8 इमरजेंसी लंग्स वेंटिलेटर, ब्लैक फंगस के इलाज के लिए दवाइयों की आपूर्ति का प्रस्ताव एवं अन्य मेडिकल उपकरण भी प्रवासियों के सहयोग से प्राप्त हुए हैं। राजस्थानी प्रवासियों द्वारा राजस्थान फाउंडेशन के माध्यम से डोनेशन भी दिया जा रहा है। इस महामारी में दुबई के नन्दी मेहता ने जयपुरवासियों के लिए ऑक्सीजन कॉन्सट्रेटर भेजने में अहम भूमिका निभाई है।

प्रवासियों के योगदान को सीधा गांवों तक पहुंचाया

सीएचसी मलारना, डूंगरा, सवाईमाधोपुर

राज्य सरकार की नीति के अनुरूप फाउण्डेशन ने कोविड के समय स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए राजस्थानियों द्वारा स्वैच्छिक योगदान को सीधे कुरियर सेवाओं द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक मेडिकल उपकरण पहुंचाए। प्रदेश के 29 जिलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक 1377 ऑक्सीजन कॉन्सट्रेटर सहित अनेक मेडिकल उपकरण पहुंचाए। इन दूर-दराज के कस्बों में समय पर मिलने वाली मदद से सरकारी अस्पताल प्रशासन को काफी मदद मिली है। भवानी मंडी, आबू रोड, गंगानगर सिटी, शिवगंज, सिरोही, जालोर, भीलवाड़ा में स्थित सीएचसी तक ऑक्सीजन पहुंचाई गई। **नवरत्न कोठारी ने कनाडा से तीन ऑक्सीजन प्लांट और इलेक्ट्रीक जरनेटर चूरू जिले के लिए दिए। 215 कॉन्सट्रेटर नाथद्वारा टेम्पल ट्रस्ट, दुबई की तरफ से दिए गए।**

सीएमएचओ ऑफिस एमजी हॉस्पिटल, भीलवाड़ा

सीएमएचओ, झालावाड़

सीएचसी शिवगंज

सीसीसी मानसरोवर, आबू रोड

भीलवाड़ा

सीएचसी जालोर

राजस्थान फाउंडेशन और राजस्थान की मदद से हमें ऑक्सीजन कॉन्सट्रेटर्स प्राप्त हुए हैं। मैं धीरज जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने अपने प्रथम पद स्थापन को प्राथमिकता दी।

डॉ. एम.एम. जांगिड़
ओआईसी, सीएचसी भीनमाल

मैं प्रवासी राजस्थानियों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने 18 कॉन्सट्रेटर इस आदिवासी क्षेत्र में दिए, ये यहां के मरीजों के लिए बहुत अच्छा काम करेंगे।

एस. पी. शर्मा
मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राज्य अस्पताल, भीलवाड़ा